## डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ), मूण्डला, जयपुर द्वारा आयोजित
## जिला एवं राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता, 2026 के नियम

(विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त संस्थाओं में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए)

**1. पात्रता :–**

डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ), मूण्डला, जयपुर के द्वारा जिला एवं राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें राजकीय एवं मान्यता प्राप्त प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों (कक्षा 9 से 12वीं तक) के विद्यार्थी भाग लेने के पात्र है।

**2. निबन्ध की भाषा का माध्यम :–**

निबन्ध हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में लिखे हुए स्वीकार्य होगें।

**3. पुरस्कार :–**

निबन्ध प्रतियोगिता के अन्तर्गत पुरस्कार राशि का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | प्रतियोगिता का स्तर | पुरस्कार राशि (रूपये में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय | जिला स्तर | 5100 | 3100 | 2100 |
| | | राज्य स्तर | 51000 | 31000 | 11000 |
| 2 | विद्यालय (कक्षा 9 से 12) | जिला स्तर | 2100 | 1100 | 500 |
| | | राज्य स्तर | 11000 | 5100 | 3100 |

**4. प्रतियोगिता के नियम एवं शर्तें :–**

प्रस्तावित जिला एवं राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए नियम एवं शर्तें निम्नानुसार है :–

(i) निबन्ध प्रतियोगता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रवेश निःशुल्क है।

(ii) निबन्ध लेखन की शब्द सीमा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर 2000 शब्द एवं विद्यालय स्तर पर 1000 शब्द होगी।

(iii) प्रतिभागी द्वारा लिखित निबन्ध सुस्पष्ट, हस्तलिखित फाउण्डेशन कार्यालय में सम्बन्धित संस्था के माध्यम से प्रेषित किये जाने पर ही स्वीकार्य होंगे।

(iv) निबन्ध प्रतियोगिता को आयोजित करवाने की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्था प्रधान की होगी जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थी अध्ययनरत् है।

(v) प्रतिभागी विद्यार्थी को उत्तर पुस्तिका सम्बन्धित संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई जायेगी। उत्तर पुस्तिका के कवर पेज का प्रारूप डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) की वेबसाइट www.ambedkarfoundationjaipur.in पर उपलब्ध है जिसे डाउनलोड़ कर उत्तर पुस्तिका के कवर पेज को उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न कर उत्तर पुस्तिकाए निबंध प्रतियोगिता आयोजन के दिन अथवा अगले दो दिवस में फाउण्डेशन कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करे।

**5. निबन्ध के अंक भार योजना एवं समयावधि :–**

निबन्ध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों एवं परीक्षकों के लिए अंक भार विभाजन एवं समयावधि सम्बन्धी नियम निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | मापदण्ड | अंक विभाजन | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | विषय वस्तु | 40 | विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर 2 घंटे एवं विद्यालय स्तर पर 1 घंटा। |
| 2 | विशलेषण एवं व्याख्या | 20 | |
| 3 | प्रस्तुतीकरण | 15 | |
| 4 | लेखन एवं कौशल | 15 | |
| 5 | उपसंहार एवं निष्कर्ष | 10 | |
| | **कुल पुर्णांक** | **100** | |

**6. राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता :–**

जिला स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी/विद्यार्थी ही राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र होगें। राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करने की जानकारी यथा समय पात्र प्रतिभागी/विद्यार्थी एवं सम्बधित संस्थान को फाउण्डेशन द्वारा प्रेषित कर दी जायेगी।

**7. परिणाम की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण :–**

परिणाम की घोषणा डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) की वेबसाइट www.ambedkarfoundationjaipur.in पर यथा समय अपलोड़ कर दी जायेगी।